Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **प्रतापगढ़ में कनिष्ठ सहायक 7 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **पालनहार योजना में बकाया सहायता राशि रिलीज करने की एवज में मांगी रिश्वत**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *21 सितम्बर।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर प्रतापगढ इकाई द्वारा आज मंगलवार को कार्यवाही करते हुये राहुल लबाना कनिष्ठ सहायक, कार्यालय सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, प्रतापगढ़ को परिवादी से 7 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की प्रतापगढ इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि राज्य सरकार की पालनहार योजना में बकाया सहायता राशि रिलीज करने की एवज में राहुल लबाना कनिष्ठ सहायक, कार्यालय सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, प्रतापगढ़ द्वारा 15 हजार रूपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी प्रतापगढ इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री डॉ. विक्रम सिंह** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये राहुल लबाना कनिष्ठ सहायक, कार्यालय सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, प्रतापगढ़ को परिवादी से **7 हजार रुपये** की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के आवास एवं अन्य ठिकानों की ए.सी.बी. टीमों द्वारा तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।